मध्य प्रदेश में खुराखुरी दादर बालको से निकाला गया बाक्साइट

4218. **श्री श्याम लाल धुर्वे :** क्या **इस्पात और खान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के मण्डला जिले में खुराखुरी दादर बालको से कितनी मात्रा में बाक्साइट निकाला गया; और

(ख) मध्य प्रदेश के मण्डला जिले की खुराखुरी दादर बालको में बाक्साइट के कुल कितने निक्षेप हैं और इसे कितने वर्षों में निकाले जाने की सम्भावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) : (क) खुराखुरी दादर बंजर पठार है जहां अमरकंटक खान का कार्यालय तथा भारत एल्युमिनियम कम्पनी की बस्ती स्थित है। इस पठार से बाक्साइट अयस्क नही निकाला गया है ।

(ख) खुराखुरी दादर से न तो बाक्साइट निकाला जा सकता है और न ही निकाला गया है, लेकिन भारत एल्यूमिनियम कम्पनी ने मण्डला जिले में स्थित राखी दादर (खुराखुरी, दादर के निकट) में निम्नलिखित मात्रा में बाक्साइट निकाला है :—

1974–75	166,934 टन
1975–76	168,073 टन
1976–77	150,068 टन

मनोरोग अस्पताल

4219. **श्री राजकेशर सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार ऐसे राज्यों में मनोरोग अस्पताल खोलने का है जहां अभी तक ऐसा कोई अस्पताल नही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) जी नही । तथापि पांचवीं पंचवर्षीय योजना में "मानसिक रोग क्लीनिकों की स्थापना" नामक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत ऐसे जिला अस्पतालों/मेडिकल कालेजों में जिनमें मनश्चिकित्सा विभाग नही है, मानसिक रोग क्लीनिक खोलने का प्रस्ताव है । 1976–77 और 1977–78 में खास खास राज्य संघ शासित क्षेत्रों मे 50,000 रुपये प्रति क्लीनिक की दर से क्रमश. 10 और 12 मानसिक रोग क्लीनिक खोलने के लिए सहायता दी गई । 1978–79 मे 5 और मानसिक रोग क्लीनिक खोलने का प्रस्ताव है

(ख) यह प्रश्न नही उठता ।

Lady Doctor at P&T Dispensary Dhanbad

4220. SHRI SURENDRA JHA SUMAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether in P&T Dispensary at Dhanbad, there is no lady doctor posted therein; and

(b) if so, what action Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEV SAI): (a) Yes Sir, as there is no post of lady doctor at present.

(b) A proposal for creating a post of lady doctor is under consideration.

चेचक

4221. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हाल में यह रहस्योद्घाटन किया है कि चेचक का विश्व से आम तौर से उन्मूलन हो गया है;